भा.क.नि.
CCI

भारतीय कपास निगम लिमिटेड
THE COTTON CORPORATION OF INDIA LTD.
(A Government of India Undertaking)
136 -A, 60 Ft. Road, Kamla Nehru Colony, Bathinda (Punjab) -151001
Tel No: 0164-2210371 , 0164- 2210372, Fax No 0164-2210373
CCI WEBSITE : www.cotcorp.org.in E-mail: bathinda@cotcorp.com
CIN:U51490MH1970GOI014733 GSTIN: 03AAACT4053B1Z2

संख्या: भाकनि/पंजाब/विप (क्रय) /2020-21/ दिनांक 27.07.2020

CORRIGENDUM

निविदा सूचना (TENDER NOTICE)

भारतीय कपास निगम लिमिटेड भटिंडा फसल वर्ष 2020-21 के लिए प्रस्तावित निम्न केन्द्रों पर जिनिंग एवं प्रेसिंग कार्य हेतु प्रतिष्ठित **नॉन-मॉडर्न जिनिंग एवं प्रेसिंग फैक्ट्रियों** से 2 बिड तकनीक (टेक्निकल बिड-1 तथा फाइनेंसियल बिड-2) के अंतर्गत अलग अलग मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित करता है:-

फाजिल्का, अबोहर, मलोट, किलियांवाली, गिदड़बाहा, भटिंडा, मुक्तसर, जैतों, भूच्चों, रामपुरा, संगत, मौड़, मानसा, सरदूलगढ़, रामा, बुढ़लाढा एवं लेहरागागा ।

निर्धारित निविदा फार्म नियम एवं शर्तों सहित शाखा कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालयीन समय में रु॰112/- GST सहित, का भुगतान बैंक ड्राफ्ट या पे-ऑर्डर द्वारा निम्न तालिका में दर्शाई गयी दिनांक अनुसार प्राप्त किया जा सकता हैं। निगम की वेबसाइट http://www.cotcorp.org.in तथा सरकारी वेबसाइट http://www.eprocure.gov.in से भी निविदा आवेदन डाउनलोड की जा सकती है। यदि वेबसाइट से निविदा फार्म डाउनलोड किया जाता है तो निविदा फार्म की टेक्निकल बिड के साथ रु॰50000/- का डिमांड ड्राफ्ट **EMD** के लिए तथा रू॰112/- निविदा शुल्क का बैंक ड्राफ्ट या पे-ऑर्डर जो कि "भारतीय कपास निगम लिमिटेड", भटिंडा के नाम पर देय हो, साथ में संलग्न करना अनिवार्य होगा। जो जिनिंग प्रेसिंग फैक्ट्रियाँ MSE के अंतर्गत आती हैं एवं MSME प्राधिकरण से पंजीकृत हैं वे वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर निविदा शुल्क से मुक्त होंगी।

निविदाकर्ता निम्नानुसार निविदा प्रस्तुत करें:

1. **लिफाफा ए**- लिफ़ाफ़ा ए पर "**टेक्निकल बिड**" (Technical Bid) लिखा होना चाहिए जिसमें टेक्निकल बिड (Annexure-II) तथा साथ में संलग्न होने वाले सभी दस्तावेज़ तथा EMD ड्राफ्ट रू॰50000/- तथा निविदा शुल्क का ड्राफ्ट रू॰112/- होने चाहिए।
2. **लिफाफा बी**- लिफाफा बी पर "**फाइनेंशियल बिड**" (Financial Bid) लिखा होना चाहिए जिसमें फाइनेंशियल बिड (Annexure-III) हो।
3. **लिफाफा सी**- लिफाफा **सी** में उपरोक्त दोनों लिफाफे **ए** एवं **बी** डालें व सीलबंद कर शाखा कार्यालय भटिंडा को भेजें।

प्रत्येक पूर्ण रूप से भरी हुई निविदा सीलबंद लिफाफे में डाल कर भेजें जिसके ऊपर "**जिनिंग एवं प्रेसिंग निविदा 2020-21**" व नीचे केंद्र का नाम, निविदाकर्ता का नाम व पता स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए।

अनुसूची	(Non-Modern G&P फैक्ट्री के लिए) निविदा का दिनांक एवं समय
निविदा फार्म जारी की अंतिम तिथि	06.08.2020 साँय 05:00 बजे तक
निविदा जमा करने के अंतिम तिथि	07.08.2020 दोपहर 01:00 बजे तक
Technical Bid खोलने की तिथि	07.08.2020 दोपहर 03:30 बजे
Financial Bid खोलने की तिथि	18.08.2020 दोपहर 03:30 बजे

पूर्ण रूप से भरा निविदा आवेदन शाखा प्रबन्धक को संबोधित करते हुए शाखा कार्यालय भटिंडा के उपरोक्त दर्शाये गए पते पर तालिका में दर्शाई गयी दिनांक के अनुसार पहुंचाना आवश्यक है। निर्धारित समय में प्राप्त हुई मुहरबंद निविदाओं की सर्वप्रथम टेक्निकल बिड (Technical Bid) उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष खोली जाएगी। टेक्निकल बिड (Technical Bid) में सफल पाये जाने वाले निविदाकर्ताओं की फाइनेंशियल बिड (Financial Bid) दिनांक 18.08.2020 को उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा में निर्धारित मापदण्डों के सत्यापन हेतु फैक्ट्री का सर्वे कर सुनिश्चित किया जाएगा। निर्धारित मापदण्डों के सुनिश्चित होने के पश्चात ही किसी भी फैक्ट्री को कार्य आबंटन/ अनुबंधित किया जाएगा। निगम किसी भी निविदा को पूर्ण अथवा आंशिक रूप से स्वीकार/ अस्वीकार करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है।

शाखा प्रबन्धक